# सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का उद्घाटन समारोह

01 जुलाई 2019 से 08 जुलाई 2019 तक महाविद्यालय की परम्परा के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का आयोजन महाविद्यालय के वाचनालय में किया गया। यह बैठक प्रत्येक दिन तीन सत्रों में संचालित की गई। पहले दिन प्रथम सत्र (10:00 बजे से 11:30) में कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का उद्घाटन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार सिंह ने महाविद्यालय के पुस्तकालय को 58 महत्वपूर्ण पुस्तकें दान की तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रस्ताविकी एवं सम्पूर्ण कार्ययोजना प्रस्तुत की। दूसरे तथा तीसरे सत्र में (12:00 बजे से 04:00 बजे तक) 02 मई की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। इस विषय पर प्रवक्ता डॉ. विजय कुमार चौधरी तथा डॉ. अविनाश प्रताप सिंह सहित अन्य शिक्षक ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।



सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार सिंह को स्मृति चिह्न प्रदान करते प्राचार्य


वार्षिक योजना बैठक के दूसरे दिन विचार व्यक्त करते डॉ. विजय कुमार चौधरी

**दूसरा दिन**- शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना के दूसरे दिन 02 जुलाई को प्रथम सत्र (10:00 से 11:30) में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में शैक्षिक पञ्चांग, दायित्व सह विभाजन, प्रवेश-परीक्षा, परिसर अनुशासन, द्वितीय सत्र में (12:00-01:30) नैक, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा तृतीय सत्र (02:00 से 04:00 बजे) में पुस्तकालय तथा प्रयोगशाला विषय पर चर्चा हुई जिसमें प्रवक्ता डॉ. राजेश कुमार शुक्ल, श्री अभिषेक कुमार वर्मा, डॉ. आरती सिंह, डॉ. आर.एन. सिंह तथा डॉ. सौरभ कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपनी बात रखी।


वार्षिक योजना बैठक के तीसरे दिन विचार व्यक्त करते डॉ. यशवन्त कुमार राव

**तीसरा दिन**- 03 जुलाई 2019 को बैठक के तीसरे दिन प्रथम सत्र (10:00 से 11:30 तक) में

समय सारणी, पठन–पाठन, द्वितीय तथा तृतीय सत्र में (12:00 से 04 बजे तक) कक्षाध्यापन में नये प्रयोग विषय पर प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने अपना सुझाव प्रस्तुत किया।

**चौथा दिन**– 04 जुलाई को कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के चौथे दिन प्रथम सत्र में विविध प्रयोगों में विकासात्मक प्रवृत्ति की दिशा एवं परिणाम विषय जैसे–विद्यार्थी द्वारा साप्ताहिक कक्षाध्यापन, पाठ्यक्रम योजना, मासिक मूल्यांकन द्वितीय सत्र में शिक्षक आचार संहिता, स्वमूल्यांकन प्रपत्र, प्रार्थना सभा तथा तृतीय सत्र में साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान, गोद लिए गाँव एवं गोद लिए विद्यार्थी के विषयों पर चर्चा की गई जिसमें श्रीमती कविता मन्धयान्, सुश्री दीप्ति गुप्ता, श्री सुबोध कुमार मिश्र, डॉ. यशवन्त राव सहित अन्य शिक्षकों ने अपना विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किया।



वार्षिक योजना बैठक के चौथे दिन विचार विमर्श शिक्षक गण

**पाँचवा दिन**– 05 जुलाई को कार्यशाला के पाँचवे दिन प्रथम सत्र में विभागीय कार्ययोजना, छात्रसंघ, द्वितीय सत्र में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, नि:शुल्क सिलाई–कढ़ाई, नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा तृतीय सत्र में नि:शुल्क प्राथमिक उपचार केन्द्र, क्रीड़ा एवं तकनीकी प्रसार विषयों पर श्रीमती शिप्रा सिंह, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती किरण सिंह, सुश्री पल्लवी नायक, श्री वीरेन्द्र तिवारी तथा श्री नन्दन शर्मा ने अपनी बात रखी।



वार्षिक योजना बैठक के पाँचवें दिन विचार व्यक्त करते श्री नन्दन शर्मा



वार्षिक योजना बैठक के छठवें दिन अपनी बात रखतीं सुश्री दीप्ति गुप्ता

**छठवाँ दिन**– 06 जुलाई 2019 को सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के छठवे दिन प्रथम सत्र में एन.सी.सी., वेबसाइट, ध्येय पथ ई–पत्रिका, शोध पत्रिका, प्रकाशन, द्वितीय सत्र में सूचना परामर्श, ई.पी. एफ तथा तृतीय सत्र में महाविद्यालय के प्रशासन में छात्र सहभाग, छात्रा समिति, क्रीड़ा इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई जिसमें डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, श्री वागीश राज पाण्डेय, सुश्री श्वेता चौबे, श्री रमाकान्त दूबे, डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर, तथा श्री नवनीत कुमार सिंह ने विचार प्रस्तुत किये।

# सप्तदिवसीय शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक का समारोप



वार्षिक योजना बैठक के समापन अवसर पर उपस्थित श्री प्रमथ नाथ मिश्र जी

08 जुलाई 2019 को कार्यशाला एवं वार्षिक योजना बैठक के सातवें दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में प्रथम सत्र में महत्वपूर्ण आयोजन जैसे- महन्त अवेद्यनाथ स्मृति व्याख्यान-माला, साप्ताहिक पुण्यतिथि समारोह, युवा महोत्सव, भारत-भारती पखवारा, समावर्तन संस्कार तथा वार्षिक बजट विषय पर विचार-विमर्श किया गया तथा श्री सुबोध कुमार मिश्र, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, सुश्री दीप्ति गुप्ता, डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय तथा श्री श्रीकान्त मणि त्रिपाठी ने अपने विचार प्रस्तुत किये। द्वितीय सत्र में समारोप कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं महाविद्यालय के प्रभारी श्री प्रमथनाथ मिश्र ने की। समारोप कार्यक्रम के अवसर पर सात दिनो तक चले शिक्षक कार्यशाला एवं वार्षिक योजना में सम्पूर्ण विषयों की कार्ययोजना से सम्बन्धित लिए गये निर्णयों को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने प्रस्तुत किया। सात दिनों के गहन विचार-विमर्श और अनेक सुझावों के आलोक में सत्र 2019-20 के लिए महाविद्यालय की वार्षिक योजना एवं शैक्षिक पंचांग निर्मित किया गया। इसी वार्षिक योजना एवं पंचांग के आधार पर महाविद्यालय का वर्ष भर संचालन किया गया।

